# प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 14.11.23

## गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत लोन माफिया/गैंग लीडर लक्ष्य तंवर एवं गैंग के सदस्यों की पुराना आर्य नगर स्थित करीब 02 करोड की बेनामी सम्पत्ति जब्त

..............................................................................................................................

**दिनांक 15-11-2023**

**कार्यवाहीः- लोन माफिया लक्ष्य तंवर का एक संगठित गिरोह है जिसके द्वारा वर्ष 2012 से अब तक विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबन्धकों से साठ-गाँठ कर आम जनता के साथ धोखा-धड़ी करके कूटरचित दस्तावेज तैयार कर विभिन्न बैंकों से लोन लिया गया है** तथा गैंग लीडर लक्ष्य तंवर द्वारा आर्थिक अपराध कारित कर नामी व बेनामी सम्पत्ति अर्जित की गयी है। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 922/2021 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट बनाम लक्ष्य तंवर आदि 12 नफर भी पंजीकृत है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली द्वारा लोन माफिया/गैंग लीडर लक्ष्य तंवर द्वारा आर्थिक **अपराध कारित** कर अर्जित की गयी सम्पत्ति के सम्बन्ध मे गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए न्यायालय पुलिस आयुक्त गाजियाबाद के द्वारा **वाद संख्या 24/2023** सरकार बनाम लक्ष्य तंवर मे पारित आदेश दिनांक 14-11-2023 के अनुपालन मे गैंग लीडर लक्ष्य तंवर, गैंग के सदस्य सुनील कुमार व विशेष बहल की करीब 2 **करोड़ बेनामी सम्पत्ति प्लाट न0- 46 पुराना आर्य नगर गाजियाबाद** को धारा 14(1) गिरोह बन्द एवं असामाजिक क्रिया-कलाप (निवारण) अधि0 1986 के अन्तर्गत आज दिनांक 15.11.2023 **को कुर्क** किया गया।

## थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस द्वारा चार शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की दो मोटर साइकिलें व चोरी के दो मोबाइल बरामद

दिनांक 14.11.2023 को थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस द्वारा चेकिग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 04 शातिर चोर
1.जावेद उर्फ चुनिया पुत्र चांद निवासी कासिम विहार, रियासत हलवाई के पास ,थाना ट्रोनिका सिटी, गाजियाबाद,
2. अफजल उर्फ भोपा पुत्र मंजूर निवासी कासिम विहार, नियर मक्का मस्जिद ,थाना ट्रोनिका सिटी, गाजियाबाद,
3. समीर उर्फ पाडू पुत्र नाशिर निवासी कासिम विहार, रियासत हलवाई के पास ,थाना ट्रोनिका सिटी,गाजियाबाद,
4. आरिफ पुत्र नुशरत निवासी कासिम विहार, राजन के आफिस के पास, थाना ट्रोनिका सिटी , गाजियाबाद को

गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाईकिल व चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि मोटर साइकिल अपाचे उन्होने 04-05 दिन पहले ही घौण्डा दिल्ली से चोरी की थी तथा मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स व दो मोबाइल उन्होने कुछ दिन पहले ही इनाम विहार क्षेत्र से अलग अलग जगह से चोरी किये थे। दोनो मोबाइल बेचने के लिये दिल्ली गये थे किन्तु बेच नही पाये।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता</u>**

1. जावेद उर्फ चुनिया पुत्र चांदनिवासीकासिम विहार, रियासत हलवाई के पास ,थाना ट्रोनिका सिटी,गाजियाबाद,
2. अफजल उर्फ भोपा पुत्र मंजूर निवासी कासिम विहार,नियर मक्का मस्जिद,थाना ट्रोनिका सिटी,गाजियाबाद,
3. समीर उर्फ पाडू पुत्र नाशिर निवासी कासिम विहार, रियासत हलवाई के पास ,थाना ट्रोनिका सिटी,गाजियाबाद,
4. आरिफ पुत्र नुशरत निवासी कासिम विहार, राजन के आफिस के पास,थाना ट्रोनिका सिटी,गाजियाबाद

**<u>बरामदगी का विवरण</u>**

चोरी की 02 मोटर साइकिल – टीवीएस अपाचे व एचएफ डीलक्स,
चोरी के 02 मोबाइल ओप्पो रैनो-2 व रियल मी-5

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टी</u>म-**

थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम।